गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सिख धर्म के दसवें गुरू श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नई दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में मत्था टेककर सत्संग का आशीष प्राप्त किया

धर्मनिष्ठा, त्याग और साहस की प्रतिमूर्ति रहे हैं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी: केन्द्रीय गृह मंत्री

गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन त्याग, शौर्य और सेवा का अनुपम उदाहरण है

संस्कृति, स्वधर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी कट्टरपंथी आक्रांताओं के सामने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे

प्रविष्टि तिथि: 06 JAN 2025 8:30PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज सिख धर्म के दसवें गुरू श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर नई दिल्ली के गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में मत्था टेककर सत्संग का आशीष प्राप्त किया।

X पर अपने एक पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा, “धर्मनिष्ठा, त्याग और साहस की प्रतिमूर्ति श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज नई दिल्ली में गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में मत्था टेककर सत्संग का आशीष प्राप्त किया।”

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने X पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि संस्कृति, स्वधर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी कट्टरपंथी आक्रांताओं के सामने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उन्होंने कहा कि त्याग, वीरता और समर्पण का प्रतीक उनका जीवन अनंतकाल तक सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा। श्री शाह ने कहा कि अधर्म व अत्याचार के खिलाफ अडिग होकर संघर्ष करने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन त्याग, शौर्य और सेवा का अनुपम उदाहरण है।

Amit Shah
@AmitShah · **Follow**

धर्मनिष्ठा, त्याग और साहस की प्रतिमूर्ति श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज नई दिल्ली में गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब में मत्था टेककर सत्संग का आशीष प्राप्त किया।

6:59 PM · Jan 6, 2025

4.5K Reply Copy link

Read 71 replies

Amit Shah

@AmitShah · **Follow**

ਸ਼ਰਧਾ, ਤਿਆਗ ਅਤੇ ਬਹਾਦਰੀ ਦੀ ਮੂਰਤ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਗੋਬਿੰਦ ਸਿੰਘ ਜੀ ਦੇ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਪੁਰਬ ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਅੱਜ ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ ਦੇ ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਸ੍ਰੀ ਰਕਾਬ ਗੰਜ ਸਾਹਿਬ ਵਿਖੇ ਮੱਥਾ ਟੇਕ ਕੇ ਸੰਗਤ ਦਾ ਆਸ਼ੀਰਵਾਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕੀਤਾ।

6:59 PM · Jan 6, 2025

2.2K Reply Copy link

Read 56 replies

*****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2090727) आगंतुक पटल : 164

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Punjabi , Gujarati , Kannada